प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.09.2024 ⁄ प्रादेशिक समाचार ⁄ 18:00बजे

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के पहले दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की और 3 सौ 33 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने 12 स्वर्ण पदक विजेताओं सहित 36 मेधावी विद्यार्थियों को पदक प्रदान किए। इस अवसर पर राज्यपाल ने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि भारत में युवाओं के लिए रोजगार के अपार अवसर हैं और देश की आबादी में से 55 प्रतिशत से अधिक युवा 25 वर्ष से कम के है। राज्यपाल ने कहा कि वर्ष 2030 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है।

संजौली विवाद

शिमला के संजौली में विवादित मस्जिद को लेकर कल विभिन्न संगठनों द्वारा किये गए प्रदर्शन के बाद आज शिमला व्यापार मण्डल के आहवान पर राजधानी शिमला के सभी मुख्य बाज़ार दोपहर एक बजे तक बंद रहे। प्रदर्शनकारियों पर पुलिस द्वारा किये गये कथित लाठीचार्ज के विरोध में व्यापार मण्डल के सदस्यों ने शिमला में आज एक रोष रैली भी निकाली। कारोबारियों का कहना है कि पुलिस द्वारा प्रदर्शन कर रहे लोगों पर लाठीचार्ज करना सही नहीं है। उपायुक्त कार्यालय के बाहर रैली को संबोधित करते हुये शिमला व्यापार मंडल के प्रधान संजीव ठाकुर ने कहा कि प्रशासन तक अपनी आवाज़ पहुँचाने के मकसद से यह रोष रैली निकाली गई। उन्होंने मांग की कि बाहरी राज्यों से आए ऐसे लागों पर सख्ती की जाए, जो बिना पहचान बताए यहां अपना कारोबार कर रहे हैं। व्यापार मण्डल का कहना है कि इस मुद्दे पर प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई न करने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। व्यापार मण्डल ने पुलिस के कथित लाठीचार्ज पर सवाल उठाते हुये शिमला के पुलिस अधीक्षक को बर्खास्त करने की मांग भी की है।

विक्रमादित्य सिंह

इस बीच संजौली मस्जिद विवाद को लेकर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने आज शिमला में एक संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा को सुरक्षित करना सरकार का काम है। उन्होंने कहा कि संजौली मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष ने नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंप कर सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने की पहल की है। ज्ञापन में कहा गया है कि कोर्ट का निर्णय आने तक मस्जिद का अवैध हिस्स  सीज रखा जाए। दोनों मंत्रियों ने कहा कि सरकार ने इस मामले में सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों पर आधारित एक कमेटी बनाकर समाधान निकालने की बात कही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कुछ संगठनों ने अपनी राजनीति चमकाने के लिए संजौली का माहौल खराब करने की कोशिश की है और सरकार किसी को भी कानून व्यवस्था को अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं देगी। दोनों मंत्रियों ने आरोप लगाया कि कुछ राज्यों में चल रहे चुनावों में राजनीतिक फायदा लेने के लिए भाजपा ने इस मामले को मुद्दा बनाने की कोशिश की है।

इग्नू

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू ने जुलाई 2024 सत्र के लिए सभी स्नातक, स्नातकोत्तर, डिग्री व डिप्लोमा पाठयक्रमों में नए प्रवेश की अंतिम तिथि 20 सितंबर तक बढ़ा दी है। विश्वविद्यालय के शिमला स्थित क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक जोगिंद्र कुमार यादव ने बताया कि इसके इलावा विलम्ब शुल्क के साथ पुनः पंजीकरण की तिथि भी 20 सितंबर तक बढ़ाई गई है। इच्छुक विद्यार्थी इग्नू की बैवसाईट पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

टंडन

प्रदेश भाजपा सहप्रभारी संजय टंडन ने पार्टी पदाधिकारियों को भाजपा के सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का आह्वान किया है। आज सोलन में पार्टी मंडल सदस्यता अभियान कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में अब 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने की स्वीकृति दी है। संजय टंडन ने कहा कि इससे 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को फायदा मिलेगा। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में आयुष्मान भारत और हिमकेयर योजनाओं को बाधित करने के प्रयासों को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

मस्जिद कमेटी

इस बीच संजौली में मस्जिद विवाद में नया मोड़ आ गया है। संजौली मस्जिद कमेटी ने आज शिमला में नगर निगम आयुक्त भूपेन्द्र अत्री को एक ज्ञापन सौंप कर अदालत का फैसला आने तक अवैध मस्जिद को अपने कब्ज़े में लेने या इसे सीज़ करने की मांग की है। इसके अलावा मस्जिद कमेटी ने अवैध कब्ज़े को गिरान की अनुमति भी मांगी है।

मौसम

प्रदेश के अनेक भागों में बीती रात वर्षा हुई। राजधानी शिमला सहित कई क्षेत्रों में आज भी बादल छाए हुई हैं और हल्की वर्षा हुई। मौसम विभाग ने आज और कल मैदानी व मध्यपर्वतीय क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। अगले 24 घंटों के दौरान कुल्लू, शिमला, किन्नौर और सिरमौर जिलों में बाढ़ की चेतावनी देते हुए लोगों को एहतियात बरतने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 17 सितंबर तक मौसम के खराब रहने के आसार हैं।

टास्क फोर्स

नशे पर नकेल कसने के लिए सोलन जिला प्रशासन ने प्रभावी कदम उठाए है। इसके लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है। उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने सोलन में टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिले में नशे के बढ़ते चलन पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष नशे की चपेट में आए लगभग अढ़ाई हजार बच्चों का विभिन्न अस्पतालों के माध्यम से ईलाज किया गया। उपायुक्त ने बताया कि इनमें से अधिकतर बच्चे अब नशा छोड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि स्कूलों के नजदीक प्रतिबंधित तम्बाकू इत्यादि की बिक्री पर नज़र रखी जाएगी।

अग्निवीर

भारतीय सेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए मंडी, कुल्लू और लाहौल–स्पीति जिलों के ऑनलाईन परीक्षा पास करने वाले उम्मीदवारों की शारीरिक परीक्षा 18 से 24 नवम्बर तक मंडी के पड्डल मैदान में होगी। इसके लिए लिखित परीक्षा में उतीर्ण उम्मीदवार पहली नवम्बर के बाद ऑनलाईन माध्यम से अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। सेना भर्ती कार्यालय मंडी के भर्ती निदेशक कर्नल डी.एस. सामत ने बताया कि एडमिट कार्ड उम्मीदवार के पंजीकृत ई–मेल पर भी भेजे जाएंगे।

———————————————